**जगद्‌गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय,**
ग्राम मदाऊ, पोस्ट भांकरोटा, जयपुर–302026

## राजस्थान मंत्र प्रतिष्ठान के अन्तर्गत पदों का विवरण

विश्वविद्यालय में राजस्थान मंत्र प्रतिष्ठान के तहत निम्नांकित पदों पर नियमानुसार नियुक्ति किये जाने के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 30.12.2017 है।

| क्र. सं. | पदनाम एवं रनिंग पे बैण्ड (ग्रेड पे) | कुल रिक्ति | प्रवर्गवार रिक्तियों का संख्यात्मक विवरण | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित (UR) | | कुल अनारक्षित | अ. जा. (SC) | | कुल अ.जा. | अनु. ज.जा. (ST) | | कुल अ.ज.जा. | पिछड़ा वर्ग (BC) | | कुल पिछड़ा वर्ग |
| | | | सामान्य | महिला | | सामान्य | महिला | | सामान्य | महिला | | सामान्य | महिला | |
| **राजस्थान मंत्र प्रतिष्ठान** | | | | | | | | | | | | | | |
| 1. | Director & Chief Coordinator for Global Studies (Professor) | 01 | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 2. | Deputy Director Classical Studies (Reader) | 01 | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 3. | Deputy Director Advance Studies (Scientist) | 01 | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4. | Research Associate cum Executive Custodian of Documentation & EC (DDRC) (Lecturer) | 01 | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 5. | Research Associate cum Executive Investigator, Laboratory & Digital Application Cell, RA&EI (LDAC) (Lecturer) | 01 | 01 | - | 01 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

सामान्य से तात्पर्य पुरुष एवं महिला वर्ग, दोनों से है।

**नोट–**

1. अभ्यर्थी भारतीय नागरिक ही हो।
2. उपरोक्त रिक्तियों के सम्बन्ध में विशेष योग्यजन आरक्षण राजस्थान सरकार के नियमों के तहत देय होगा।
3. विश्वविद्यालय द्वारा प्रसारित पूर्व में नियुक्ति सम्बन्धित विज्ञापन/विज्ञापनों में उपरोक्त विज्ञापित शैक्षणिक पदों के संबंध में जारी पात्रता, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं चयन प्रक्रिया सम्बन्धी विवरण पूर्ण रूप से इस विज्ञापन द्वारा अधिक्रमित (Supersede) किये जाते हैं।
4. पदों की संख्या में कमी एवं बढ़ोतरी का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
5. विश्वविद्यालय द्वारा उक्त पदों हेतु पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या 01/2012 को निरस्त किया जा चुका है। नवीन विज्ञापन के अनुसार योग्य अभ्यर्थी पुनः आवेदन कर सकते हैं।

**उक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्रताओं का विवरण निम्नानुसार है–**

1 पदनाम : निदेशक एवं मुख्य समन्वयक वैश्विक अध्ययन
Director & Chief Coordinator for Global Studies (Professor)

**Pay Band of Rs. 37400-67000 with grade pay of Rs. 10,000/- or as amended from time to time.**

### न्यूनतम अनिवार्य अर्हताएं–

(अ)

(i) एक प्रतिष्ठित विद्वान् जिसे विद्यावारिधि/पी0एच0डी0 की अर्हता वेद तंत्र मंत्र अथवा संबद्ध शास्त्रों में प्राप्त है, जिसकी प्रकाशित रचना बहुत उत्कृष्ट कोटि की है, जो कि वर्तमान में शोध कार्य में सक्रिय है, जिसके प्रकाशित ग्रन्थों का साक्ष्य विद्यमान है तथा जिसकी कम से कम 10 रचनायें हैं–पुस्तकों तथा/अथवा शोध/विषय से जुड़े नीति विषयक प्रपत्रों के रूप में।

(ii) न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री (अथवा जहां पर ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जा रहा हो वहॉं ''पॉइन्ट स्केल'' के अन्तर्गत समस्तरीय ग्रेड।)

(iii) किसी भी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में संस्कृत विषय अध्यापन का दस वर्ष का न्यूनतम अनुभव हो अथवा विश्वविद्यालय/राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में/शोध संस्था के प्रशासक का अनुभव हो,

जिसमें विद्यावारिधि / पी0एच0डी0 स्तर पर कर रहे शोध छात्रों को दिशा निर्देश करने का अनुभव भी सम्मिलित हो।

(iv) शैक्षिक नवोन्वेष, नूतन पाठ्यक्रम तथा विषयों का विस्तार एवं प्रायोगिक कार्यानुष्ठान / अध्यापन / प्रशिक्षण प्रक्रिया का अनुभव प्राप्त हो।

(v) जैसा कि यूजीसी द्वारा निर्धारित नियमों में निर्दिष्ट किया गया है, तथा जैसा कि शैक्षणिक निष्पादन सूचनांक (ए.पी.आई.) में निष्पादन आधारित समीक्षात्मक प्रणाली पर इंगित रहता है–इन सब के अनुरूप न्यूनतम प्राप्तांक होने अनिवार्य हैं।

अथवा

(ब) अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सुप्रतिष्ठित विद्वान् जिसने वेद अथवा ज्योतिष या समकक्ष एवं तंत्र मंत्रादि विषयों के ज्ञान में महत्त्वपूर्ण योगदान किया हो।

**वांछनीय अर्हताऐं–**

1– देश–विदेश में विश्व स्तर पर अन्य अनुरूप संस्थाओं द्वारा मन्त्रों पर किये जा रहे विज्ञान परक अनुसंधान का गम्भीर अध्ययन एवं उसके समन्वयात्मक अनुप्रयोग की दक्षता।

2– यज्ञ या विभिन्न वैदिक एवं तांत्रिक अनुष्ठानों (यथा कुण्डमण्डप निर्माण एवं प्रयोग) के विधि विधान का पर्याप्त अनुभव।

2 पदनाम : **उप निदेशक (सहप्रोफेसर शास्त्रीय अध्ययन)**

**Deputy Director Classical Studies (Reader)**

**Pay Band of Rs. 37400-67000 with grade pay of Rs. 9,000/- or as amended from time to time.**

**न्यूनतम अनिवार्य अर्हताएं–**

(अ)

(i) श्रेष्ठ शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ पीएचडी0 / विद्यावारिधि जो वेद, तंत्र शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, धर्मशास्त्र अथवा संबद्ध विषय में प्राप्त की गई हो।

(ii) न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री (अथवा जहां पर ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जा रहा हो वहॉ ''पॉइन्ट स्केल'' के अन्तर्गत समस्तरीय ग्रेड।)

(iii) किसी भी विश्वविद्यालय महाविद्यालय अथवा प्रत्यायित शोध संस्थान में न्यूनतम 8 वर्ष के / का शिक्षण अथवा शोध का अनुभव जो कि सहायक प्रोफेसर के स्तर के समतुल्य हो तथा जो समस्त अनुभव पीएचडी0 के लिये किये गये शोध के अतिरिक्त हो एवं प्रकाशित रचनाओं के साक्ष्य द्वारा समर्थित हो तथा न्यूनतम 5 प्रकाशित रचनाऐं जो पुस्तकों एवं / अथवा / शोध / विषयगत नीति से जुडे प्रपत्रों के साथ समर्थित हों।

(iv) अभ्यर्थी को शैक्षणिक नवोन्मेषी डिजाइन युक्त नूतन पाठ्यक्रम एवं पाठ्य विषयों एवं तदनुरूप प्रायोगिक कर्मानुष्ठान से युक्त शैक्षिक प्रक्रिया का अनुभव हो तथा इसका साक्ष्य प्रस्तुत करें कि उसने शोध छात्रों एवं अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया है।

(v) जैसा कि यूजीसी द्वारा निर्धारित नियमों में निर्दिष्ट किया गया है, तथा जैसा कि शैक्षणिक निष्पादन सूचनांक (ए.पी.आई) में निष्पादन आधारित समीक्षात्मक प्रणाली पर इंगित रहता है–इन सब के अनुरूप न्यूनतम प्राप्तांक होने अनिवार्य हैं।

अथवा

(ब) अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सुप्रतिष्ठित विद्वान् जिसने वेद अथवा वेदांग या समकक्ष के ज्ञान में योगदान दिया हो अथवा संबंधित प्रायोगिक में न्यूनतम दस वर्ष का अनुभव हो।

वांछनीय अर्हताऐं–

1– देश – विदेश में विश्व स्तर पर अन्य अनुरूप संस्थाओं द्वारा मन्त्रों पर किये जा रहे विज्ञान परक अनुसंधान का गम्भीर अध्ययन एवं उसके समन्वयात्मक अनुप्रयोग की दक्षता।

2– यज्ञ या विभिन्न वैदिक एवं तांत्रिक अनुष्ठानों (यथा कुण्डमण्डप निर्माण एवं प्रयोग) के विधि विधान का पर्याप्त अनुभव।

3– तंत्र, मंत्रादि शास्त्रों का गहन अध्ययन एवं उनके अनुप्रयोग का ज्ञान एवं अनुभव।

4– हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग का सामान्य ज्ञान।

5– वेद की विभिन्न शाखाओं की उच्चारण पद्धति तथा उसके प्रयोगात्मक पक्ष का आलोचनात्मक ज्ञान।

3 पदनाम : **उपनिदेशक (प्रगतअध्ययन वैज्ञानिक)**

**Deputy Director Advance Studies (Scientist)**

**Pay Band of Rs. 37400-67000 with grade pay of Rs. 9,000/- or as amended from time to time.**

## न्यूनतम अनिवार्य अर्हताऐं–

(अ)

(i) श्रेष्ठ शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ पीएचडी. डिग्री जो विज्ञान विषय में प्राप्त की गई हो।

(ii) न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री (अथवा जहां पर ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जा रहा हो वहॉ ''पाइन्ट स्केल'' के अन्तर्गत समस्तरीय ग्रेड।)

(iii) किसी भी विश्वविद्यालय महाविद्यालय अथवा प्रत्यायित शोध संस्थान में न्यूनतम 8 वर्ष का शिक्षण अथवा शोध का अनुभव जो कि सहायक प्रोफेसर के स्तर के समतुल्य हो तथा जो समस्त अनुभव पीएचडी0 के लिये किये गये शोध के अतिरिक्त हो एवं प्रकाशित रचनाओं के साक्ष्य द्वारा समर्थित हो तथा न्यूनतम 5 प्रकाशित रचनाऐं जो पुस्तकों एवं/अथवा शोध/विषयगत नीति से जुडे प्रपत्रों के साथ समर्थित हो।

(iv) अभ्यर्थी को शैक्षणिक नवोन्मेषी डिजाइन युक्त नूतन पाठ्यक्रम एवं पाठ्य विषयों एवं तदनुरूप प्रायोगिक कर्मानुष्ठान से युक्त शैक्षिक प्रक्रिया का अनुभव हो तथा इसका साक्ष्य प्रस्तुत करें कि उसने शोध छात्रों एवं अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया है।

(v) जैसा कि यूजीसी द्वारा निर्धारित नियमों में निर्दिष्ट किया गया है, तथा जैसा कि शैक्षणिक निष्पादन सूचकांक (एपीआई.) में निष्पादन आधारित समीक्षात्मक प्रणाली पर इंगित रहता है–इन सब के अनुरूप न्यूनतम प्राप्तांक होने अनिवार्य हैं।

अथवा

(ब) अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सुप्रतिष्ठित विद्वान् जिसने विज्ञान विषय में शोधोपाधि के साथ संस्कृत संस्था में प्रशासनिक/शैक्षणिक का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव हो।

## वांछनीय अर्हताऐं–

1– वैज्ञानिक शोध/अनुसंधान में दक्षता एवं अनुभव के साथ आधिदैविक/लोकोत्तर विषयों में अभिरूचि।

2– संबंधित विषय के साथ अन्य शोध विज्ञानों का समन्वित करने की क्षमता।

3– भारतीय परम्परा के तंत्र मंत्रादि शास्त्रीय विषयों का अध्ययन, तत्सम्बन्धी प्रक्रियाओं में रूचि एवं विशिष्ट अनुभव।

4– हिन्दी, संस्कृत अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग का सामान्य ज्ञान।

5– वैज्ञानिक प्रयोगशाला की परीक्षण प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान।

4 पदनाम : **सहायक शोध अधिकारी एवं कार्यपालक अभिरक्षक, प्रलेखन एवं संदर्भ संसाधन केन्द्र–सहायक आचार्य**

**(Research Associate cum-Executive Custodian of Documentation & Reference Resource Centre RA and EC (DRRC) Asst. Professor)**

**Pay Band of Rs. 15600-39100 with grade pay of Rs. 6,000/- or as amended from time to time.**

**न्यूनतम अनिवार्य अर्हताएं–**

(अ)

(i) किसी भी सम्बन्द्ध विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित रूप के अनुसार श्रेष्ठ अकादमिक रिकार्ड–जिसमें न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक हो (जहां पर भी ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जाता रहा हो–तदनुसार एक पॉइन्ट स्केल के अन्तर्गत एक समतुल्य ग्रेड हो) जो कि स्नातकोत्तर स्तर पर हो–किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय से वेद तंत्र शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, धर्मशास्त्र अथवा संबद्ध विषय में प्राप्त हो–अथवा किसी भी प्रत्यायित विदेशी विश्वविद्यालय से प्राप्त कोई समतुल्य डिग्री हो।

(ii) उपरोक्त अर्हताओं को पूरा कर लेने के अतिरिक्त, अभ्यर्थियों द्वारा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) जो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संचालित की जाती है–अथवा सी.एस.आई.आर. द्वारा–अथवा इस के समतुल्य परीक्षण जिन्हे यू.जी.सी. द्वारा प्रत्यायित किया गया है जैसा कि स्लेट/सेट आदि उत्तीर्ण की गई हो।

(iii) उपरोक्त के अलावा ऐसे अभ्यर्थियों को जिनको यू.जी.सी. नियमन–2009 के अनुरूप पी.एच.डी. डिग्री प्राप्त हुई है (न्यूतनम मानक एवं विधि सहित जो कि पी.एच.डी. प्रदान करने के लिए नितान्त अनिवार्य है)– नेट/स्लेट/सेट की पात्रता शर्तो की अनिवार्यता से जोकि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसरों अथवा इनके समतुल्य स्थिति वालों की भर्ती एवं नियुक्तियों के लिए निर्धारित की गई है, छूट मिल जाएगी।

अथवा

(ब) संस्कृत विषय का विद्वान जिसने मंत्र एवं तंत्र पर कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो।

वांछनीय अर्हताऐं–

1. प्रलेखन (डोक्यूमेन्टेशन) एवं शोध संदर्भ केन्द्र के तथा डिजीटल व्यवस्था सहित पुस्तकालय एवं अकाउस्टिक स्टुडियो के प्रबन्धन में दक्षता।
2. देश–विदेश में विश्व स्तर पर अन्य अनुरूप संस्थाओं द्वारा मन्त्रों पर किये जा रहे विज्ञान परक अनुसंधान का गम्भीर अध्ययन एवं उसके समन्वयात्मक अनुप्रयोग की दक्षता।
3. यज्ञ या विभिन्न वैदिक एवं तांत्रिक अनुष्ठानों (यथा कुण्डमण्डप निर्माण एवं प्रयोग) के विधि विधान का पर्याप्त अनुभव।
4. तंत्र, मंत्रादि शास्त्रों का गहन अध्ययन एवं उनके अनुप्रयोग का सामान्य ज्ञान।
5. हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान एवं अनुभव।
6. वेद की विभिन्न शाखाओं की उच्चारण पद्धति तथा उसके प्रयोगात्मक पक्ष का आलोचनात्मक ज्ञान।

5 पदनाम : **सहायक शोध अधिकारी–सहायक आचार्य एवं कार्यपालक अन्वेषक, प्रयोगशाला तथा डिजीटल अनुप्रयोग प्रकोष्ठ (Research Associate cum-Executive Investigator, Laboratory & Digital application Cell, RA and EL (LDAC) Asst. Professor**

**Pay Band of Rs. 15600-39100 with grade pay of Rs. 6,000/- or as amended from time to time.**

न्यूनतम अनिवार्य अर्हताएं–

(अ)

(i) किसी भी सम्बन्द्ध विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित रूप के अनुसार श्रेष्ठ अकादमिक रिकार्ड–जिसमें न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक हो (जहां पर भी ग्रेडिंग प्रणाली का अनुसरण किया जाता रहा हो–तदनुसार एक पॉइन्ट स्केल के अन्तर्गत एक समतुल्य ग्रेड हो) जो कि स्नातकोत्तर स्तर पर

हो–किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय से विज्ञान विषय में प्राप्त–अथवा किसी भी प्रत्यायित विदेशी विश्वविद्यालय से प्राप्त कोई समतुल्य डिग्री हो।

(ii) उपरोक्त अर्हताओं को पूरा कर लेने के अतिरिक्त, अभ्यर्थियों द्वारा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) जो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संचालित की जाती है–अथवा सी.एस.आई.आर. द्वारा–अथवा इसके समतुल्य परीक्षण जिन्हे यू.जी.सी. द्वारा प्रत्यायित किया गया है जैसा कि स्लेट/सेट आदि उत्तीर्ण की गई हो।

(iii) उपरोक्त (पप) उपनियम में जो भी व्यक्त किया गया है– इस सबके बावजूद भी, ऐसे अभ्यर्थी जिनको यू.जी.सी. नियमन नियमन–2009 के अनुरूप पी.एच.डी. डिग्री प्रदान हुई है (न्यूतनम मानक एवं विधि जो कि पी.एच.डी. प्रदान करने के लिए नितान्त अनिवार्य है)– ऐसे अभ्यर्थियो को नेट/स्लेट/सेट की पात्रता शर्तो की अनिवार्यता से छूट मिल जाएगी–ऐसी शर्ते जो कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसरों अथवा इनके समतुल्य स्थिति वालों की भर्ती एवं नियुक्तियों के लिए निर्धारित की गई है।

अथवा

(ब) विज्ञान विषय का विद्वान जिसे संस्कृत संस्था में प्रशासनिक/शैक्षणिक न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो।

वांछनीय अर्हताऐं–

1. संबंधित विषय के साथ विविध विषयों को शोध विज्ञान के अनुरूप समन्वित करने की क्षमता।
2. भारतीय परम्परा के तंत्र मंत्रादि शास्त्रीय विषयों का अध्ययन, तत्सम्बन्धी प्रक्रियाओं में रूचि एवं विशिष्ट अनुभव।
3. हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग का सामान्य ज्ञान।
4. वैज्ञानिक प्रयोगशाला की परीक्षण प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान।
5. प्रयोगशाला एवं डिजीटल अनुप्रयोग प्रकोष्ठ के प्रबन्धन एंव निर्देशन में दक्षता एवं अनुभव।

**आवेदन करने सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्देश–**

1. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन पत्र भरा जाएगा एवं शुल्क भी प्रत्येक आवेदित पद के लिए अलग से देय होगा।
2. आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.jrrsanskrituniversity.ac.in से दिनांक 09.12.2017 से डाउनलोड किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 30.12.2017 सांय 5.00 बजे तक है। आवेदन की हार्डकॉपी समस्त महत्वपूर्ण दस्तावेजों यथा–शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि की समुचित पठनीय स्वप्रमाणित फोटोकॉपी सहित अन्तिम दिनांक 30.12.2017 को सांय 5.00 बजे तक **कुलसचिव, ज.रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, ग्राम–मदाऊ, पोस्ट–भांकरोटा, जिला–जयपुर–302026** के पते पर डाक/व्यक्तिशः जमा होने चाहिए। आवेदन पत्र के साथ प्राप्त संलग्नकों के अतिरिक्त बाद में अन्य कोई सलग्नक स्वीकार नहीं किए जायेंगे। विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त समझे जायेंगे एवं उनसे प्राप्त शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।
4. डाक में हुए विलम्ब के लिए विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
5. पूर्व में सेवा में नियोजित अभ्यर्थी, आवेदन पत्र के साथ अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पर संलग्न करें।
6. सभी पदों हेतु दो वर्ष के लिए परिवीक्षाधीन अवधि (*Probation period*) पर नियुक्ति की जायेगी एवं परीवीक्षा काल में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित स्थिर पारिश्रमिक (Fixed Remuneration) का भुगतान किया जायेगा। परिवीक्षा अवधि पूर्ण करने के पश्चात् नियमानुसार निर्धारित वेतनमान एवं भत्ते देय होंगे। परिवीक्षाधीन अवधि में वार्षिक वेतनवद्धि देय नहीं है। नियुक्त होने वाले कार्मिकों पर राज्य सरकार में प्रभावी नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू रहेगी तथा राजस्थान सेवा नियम/विश्वविद्यालय के प्रावधान लागू होंगे।
7. विज्ञापित पद को भरने अथवा न भरने अथवा साक्षात्कार के लिए पात्रता धारियों को बुलाने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा।
8 इस विश्वविद्यालय में किसी भी पद हेतु पूर्व में किया गया आवेदन मान्य नहीं होगा।
9. **आवेदन शुल्क–**
   प्रत्येक पद के लिये आवेदन शुल्क रूपये 3000/– (एस.टी./एस.सी./विशेष योग्यजन के लिए 1500/–) का डी.डी. कुलसचिव ज.रा.रा.सं.वि.वि. जयपुर के नाम देय होगा।
10 आवेदन की अन्तिम तिथि को आवेदक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार पूर्ण योग्यताधारी/Eligible होना चाहिए।
11 साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार के यात्रा भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

12 अपूर्ण/अयोग्य आवेदन पत्रों को निरस्त समझा जावेगा तथा उनसे प्राप्त शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

13 चयनित शिक्षकों को परिसर में विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित आवास में रहना अनिवार्य होगा।

14. उक्त पदों हेतु चयन प्रक्रिया में हुई चूक अथवा त्रुटि के ज्ञात होने की स्थिति में किसी भी स्तर (Stage) पर, यहाँ तक कि नियुक्ति पत्र जारी होने के पश्चात् भी अभ्यर्थी को प्रदत्त/जारी किसी भी संचारण अथवा पत्र व्यवहार को संशोधित, वापस लेने अथवा निरस्त करने का अधिकार विश्वविद्यालय में निहित होगा।

15. किसी प्रकार के डाक विलम्ब अथवा साक्षात्कार के आयोजन एवं परिणाम एवं साक्षात्कार हेतु आमंत्रित नहीं करने के कारणों के संबंध में किसी प्रकार के पत्र व्यवहार पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। संबंधित जानकारी हेतु आवेदक नियमित रूप से विश्वविद्यालय वेबसाइट का निरीक्षण करें।

16. आवेदन करने मात्र से आवेदक को संबंधित पद हेतु साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करने की पात्रता नहीं माना जाएगा।

17 राजस्थान सरकार के आरक्षण संबंधी प्रावधान ज.रा.राज. संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रभावी होंगे।

कुलसचिव